Synergy

BSES
BSES Yamuna Power Limited

...a joint venture with GONCTD

नवंबर – दिसंबर, 2011

बीवाईपीएल की ओर से क्रिसमस और नव वर्ष पर आपको हार्दिक शुभकामनाएं

बिजली बिल कम करने के लिए, बीवाईपीएल का "जगमग पैसा बचाओ" ऑफर

बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड – बीवाईपीएल, जर्मनी की नामी कंपनी ओसराम से समझौता कर, आपके लिए लेकर आई है – कम कीमतों पर पॉकेट और पर्यावरण फ्रेंडली एलईडी बल्ब व सीएफएल।

पूर्वी व मध्य दिल्ली में, बीवाईपीएल के 14 डिविजन ऑफिसों में लगाए गए कियॉस्क्स से आप मार्केट के मुकाबले काफी कीमतों पर एलईडी बल्ब व सीएफएल खरीद सकते हैं। साथ ही, एक एलईडी बल्ब खरीदने पर आपको 15 वॉट का एक सीएफएल बिल्कुल मुफ्त मिलेगा। यह ऑफर दो महीनों के लिए है। अक्टूबर 2011 में यह ऑफर शुरू हुआ था।

प्रकार	वॉट घंटे / प्रतिदिन	प्रतिमाह औसत उपयोग	प्रतिमाह औसत यूनिट	प्रतिमाह औसत बिल
एलईडी	5	8	1.33	5.99
सीएफएल	15	8	3.75	16.88
ट्यूब लाइट	40	8	10	45.00
पारंपरिक बल्ब	100	8	24	108.00

कैश काउंटर्स – अब सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक

अब आप मध्य व पूर्वी दिल्ली में बीवाईपीएल के सभी 14 डिविजन ऑफिसों में स्थित कैश काउंटरों पर सुबह 8 बजे से रात के 8 बजे तक अपने बिजली बिलों का भुगतान कर सकते हैं। डिविजन ऑफिसों के अलावा, दूसरे कैश काउंटरों पर पहले की ही व्यवस्था लागू रहेगी।

12 घंटे खुले रहने वाले डिविजन ऑफिस हैं – दरियागंज डिविजन ऑफिस कैश काउंटर, कृष्णानगर, चांदनी चौक, यमुना विहार, नंदनगरी, लक्ष्मी नगर, पटेल नगर, मयूर विहार 1 व 2 डिविजन ऑफिस, मयूर विहार 3, झिलमिल, शंकर रोड, पहाड़गंज, जीटी रोड और करावल नगर डिविजन ऑफिस कैश काउंटर।

जानकारी – क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड आदि के माध्यम से भुगतान करने पर, मर्चेंट बैंकर द्वारा, आपके बिल की रकम का 0.90 प्रतिशत रकम प्रोसेसिंग चार्ज के तौर पर लिया जाता है, और इसे आपके कार्ड / अकाउंट से डेबिट कर लिया जाता है।

नोटः बिजली बिल के तौर पर, क्रेडिट / डेबिट कार्ड द्वारा हर महीने सिर्फ दो ट्रांजैक्शन (और प्रति ट्रांजैक्शन अधिकतम 10 हजार रूपये का भुगतान) किए जा सकते हैं।

एसएमएस अलर्ट और ईमेल पर बिल के लिए रजिस्टर करें

हम आपको और बेहतर सेवाएं देना चाहते हैं। बिलिंग व भुगतान की डिटेल के बारे में एसएमएस अलर्ट और ईमेल पर बिल मंगवाने के लिए हमारे पास अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी रजिस्टर करवाएं। विकल्प के तौर पर आप हमारे चौबीसों घंटे और सातों दिन काम करने वाले हेल्पलाइन नंबर 399–99–808 पर फोन कर सकते हैं। हमें bypl.customercare@relianceada.com पर ईमेल भी कर सकते हैं।

हम सुन रहे हैं ... डायल करें
बीवाईपीएल – 399–99–808

बीवाईपीएल को मिले कई पुरस्कार

हाल के दिनों में बीएसईएस ने कई नामी व प्रतिष्ठित अवॉर्ड जीते हैं। इस कड़ी में, पहला अवॉर्ड है, ईडीजीई–एसएलसीसी के लिए, सीआईओ 100 अवॉर्ड। इसके बाद कंपनी ने एसकेओसीएच डिजिटल इंक्लूजन अवॉर्ड 2011 जीता। बीएसईएस द्वारा बड़े उपभोक्ताओं के लिए अपने प्रोजेक्ट ईडीजीई–एसएपी आईएसयू को अमल में लाने के लिए यह अवॉर्ड मिला है। और तीसरा अवॉर्ड है, एक्सप्रेस अपटाइम चैंपियन अवॉर्ड 2011।

इससे पहले, इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड वर्क्स अकाउंट्स ऑफ इंडिया – आईसीडब्लूएआई – के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों के प्राइवेट – सर्विस सेक्टर लार्ज की श्रेणी में बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड को दूसरा पुरस्कार मिला। विज्ञान भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्री माननीय डॉ वीरप्पा मोइली ने पुरस्कार दिए। बीवाईपीएल की ओर से, सीईओ श्री रमेश नारायणन और सीएफओ श्री सुशील अग्रवाल ने पुरस्कार ग्रहण किया। इस मौके पर कॉरपोरेट अफेयर्स राज्य मंत्री माननीय श्री आरएसपी सिंह और कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय के यूनियन सेक्रेटरी श्री नावेद मसूद भी मौजूद थे। उनके अलावा, बड़े पैमाने पर सरकारी अधिकारी और कॉरपोरेट सेक्टर के दिग्गज भी वहां उपस्थित थे।

कम कीमत पर ईएलएमसीबी

बीवाईपीएल, लार्सन एंड टब्रो – एलएंडटी – के साथ मिलकर, अपने उपभोक्ताओं को मार्केट से कम कीमत पर, ईएलएमसीबी यानी अर्थ लीकेज मिनिएचर सर्किट ब्रेकर उपलब्ध करा रही है। ईएलएमसीबी की कीमत आपके अगले बिल में डेबिट कर दिया जाएगा।

जिन उपभोक्ताओं का बिजली लोड 5 किलोवॉट या अधिक है, वे इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए 399–99–808 पद फोन करें या फिर निकटतम बीवाईपीएल कस्टमर केयर सेंटर पर जाएं। एलएंडटी के अधिकृत डीलर मैक्स इंजीनियरिंग एंड कंपनी को इस बात के लिए सहमति दें। उसके बाद उनके प्रतिनिधि आपसे संपर्क करेंगे।